मंगलवार 25 जुलाई 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



पांच वर्षीय मासूम ने पीएनबी के कैश काउंटर से उड़ा लिये एक लाख रुपए

3







विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स, हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।

सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441

## बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ के दरबार में...





**ब्रह्मपुर धाम में शिवभक्तों की उमड़ी भीड़:** मनोकामना लिंग के रूप में प्रसिद्ध बक्सर जिले के ब्रह्मपुर धाम स्थित प्राचीन बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में सावन की तीसरी सोमवारी को बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। अहले सुबह मंदिर का पट खुलने से लेकर देर रात तक बाबा के भक्तों का मंदिर में रेला लगा रहा। इस दौरान हर हर महादेव, बोल बम के उद्घोष से मंदिर परिसर गूंजता रहा। ऐसी मान्यता है कि इस शिवलिंग की स्थापना भगवान ब्रह्मा ने अपने हाथों से की थी। इसका जिक्र स्कंद पुराण कथा शिवपुराण में भी मिलता है। फोटो- मनीष कुमार

## नालंदा से राजगीर जा रही कार पलटी एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**केटी न्यूज/नालंदा**

नालंदा जिले खुदागंज थाना इलाके के हरसिंगा पुल के समीप सोमवार की सुबह एक गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई, जिससे महिला, बच्चा समेत तीन की मौत हो गई। इस घटना में तीन लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। वहीं, तीन लोगों को मामूली चोट लगी है। गाड़ी में नौ लोग सवार थे। सभी एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। मृतकों में एकंगरसराय के ऊपरी बाजार निवासी शंकर कुमार की पुत्री लक्ष्मी कुमारी, शंकर कुमार की सास और जहानाबाद के ओकरी थाना इलाके के अरहेट दौलतपुर निवासी राधा रानी शामिल है। गाड़ी सवार सभी लोग एकंगरसराय के ऊपरी बाजार मोहल्ले से मलमास मेला में स्नान करने के लिए राजगीर आ रहे थे। इस दौरान गाड़ी चालक अपना नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सड़क पर पलट गई।

ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद जख्मी सभी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया. मृतकों की पहचान कर ली गई और पुलिस के द्वारा उनके परिवारों को सूचना दे दी गई है। बता दें कि राजगीर मलमास मेला लगा हुआ है, जहां सभी परिवार एक साथ गाड़ी पर सवार होकर जा रहे थे। वहीं, इस घटना के बाद परिवार वालों में कोहराम मचा हुआ है।

### संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा

# मणिपुर के संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा को तैयार है सरकार : शाह

**एजेंसी/नई दिल्ली**

संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में लगातार तीसरे दिन गतिरोध बरकरार रहा। इस बीच अमित शाह ने सोमवार को विपक्ष से मणिपुर मुद्दे पर संसद में बहस शुरू करने को कहा। उन्होंने विपक्षी दलों से मामले से जुड़ी सच्चाई सामने आने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार मणिपुर के संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। इस दौरान उन्होंने आश्चर्य जताया कि विपक्ष इसके लिए तैयार क्यों नहीं है। लोकसभा में विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के बीच ही गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, विपक्ष से आग्रह है कि वे चर्चा होने दें और सच्चाई सामने आने दें। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मैं इस पर सदन में चर्चा के लिए तैयार हूं। मैं विपक्ष से अनुरोध करता हूं कि इस मुद्दे पर चर्चा होने दें। यह महत्वपूर्ण है कि देश को इस संवेदनशील मामले पर सच्चाई पता चले। मणिपुर मुद्दे पर पहले के तीन स्थगन के बाद दोपहर 2.30 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो केंद्रीय मंत्री शाह ने मणिपुर के मुद्दे पर अपना संबोधन दिया। हालांकि इस संबोधन के बाद भी लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने प्रधानमंत्री के बयान की मांग करते हुए अपना विरोध जारी रखा तो स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। इस बीच राज्यसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच सभापति ने आप सांसद संजय सिंह को पूरे मानसून सत्र के लिए निलंबित कर दिया।





### लोकसभा में हंगामे के बीच पेश हुए तीन विधेयक

सरकार ने सोमवार को लोकसभा में संविधान अनुसूचित जातियां आदेश संशोधन विधेयक, 2023 पेश किया। जिसमें छत्तीसगढ़ में महरा तथ महारा समुदायों को अनुसूचित जातियों की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव किया गया है। लोकसभा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने ह्रासंविधान अनुसूचित जातियां आदेश संशोधन विधेयक, 2023 पेश किया।

इसके बाद हंगामे के बीच ही सरकार ने लोकसभा में राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक, 2023 पेश किया। जिसमें दंत चिकित्सा व्यवसाय को विनियमित करने तथा गुणवत्तापूर्ण एवं वहनीय दंत चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने का उपबंध किया गया है। लोकसभा में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक, 2023 पेश किया। इसके बाद सरकार ने राष्ट्रीय परिचर्या और प्रसूति विद्या आयोग विधेयक, 2023 पेश किया जिसमें परिचर्या और प्रसूति विद्या पेशेवरों (नर्सिंग एवं मिडवाइफरी) संबंधी शिक्षा एवं सेवा मानकों के विनियमन, संस्थाओं के मूल्यांकन तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय रजिस्टर के रख-रखाव का उपबंध किया गया है। लोकसभा में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय परिचर्या और प्रसूति विद्या आयोग विधेयक, 2023 पेश किया। इसके साथ ही सरकार ने सदन की सहमति से लोक सभा में डीएनए प्रौद्योगिकी ( प्रयोग और लागू होना) विनियमन विधेयक, 2019 को वापस ले लिया है।

## राजद विधायक बच्चा पांडेय को गिरफ्तार करने का आदेश



**सीवान।** सीवान जिले के बड़हरिया के आरजेडी विधायक बच्चा पांडेय पर उत्तराखंड के चंपावत जिले की कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। सीनियर सिविल जज ने वारंट जारी कर बच्चा पांडेय को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। उत्तराखंड के चंपावत जिले के व्यापारी धन सिंह ने चेक बाउंस करने को लेकर बच्चा पांडेय के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसके बाद से कोर्ट ने कई बार अदालत में पेश होने का आदेश दिया, लेकिन बच्चा पांडे कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए, जिसको लेकर कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। बताया जा रहा है कि दरौली कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से विधायक बच्चा पांडेय का कंस्ट्रक्शन का काम चलता है। विधायक के दरौली कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा उत्तराखंड के व्यापारी धन सिंह से कंस्ट्रक्शन से जुड़े सामानों को खरीदा गया था। इसके बाद पैसों के लेनदेन को लेकर चेक दिया गया था, लेकिन चेक कई बार बाउंस हो गया। इस पर धन सिंह की ओर से बच्चा पांडेय के खिलाफ केस दर्ज कराया गया।

## पटना में व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र के ठाकुरबाड़ी मंदिर के सामने अपराधियों ने व्यवसायी रमेश प्रसाद की गोली मार कर हत्या कर दी। व्यवसायी को अपराधियों ने 5 गोली मारी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वह मूल रूप से नालंदा जिले का रहनेवाला था। जानकारी के अनुसार रमेश प्रसाद की बाकरगंज में कन्हैया इंटरप्राइजेज नाम से एक दुकान है। वहीं, घटना के विरोध में बाकरगंज इलेक्ट्रॉनिक मार्केट बंद कर दिया गया। इस मामले में स्थानीय लोगों ने बताया कि 2 की संख्या में अपराधी बाइक पर सवार थे। रमेश प्रसाद पर 5 गोली फायर की गई, जिसमें उसे 4 गोली लगी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। दुकानदार को पीएमसीएच पहुंचाया गया, लेकिन उसकी मौत मौके पर ही हो गई थी। रमेश पटना के पुरानी अरविंद महिला कॉलेज के पास का रहने वाला बताया जा रहा है। वह बाकरगंज स्थित अपने दुकान ही जा रहा था, इसी बीच उसे गोली मारी गई। पुलिस ने अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया है। फिलहाल मौत के कारणों का पता नही चल पाया है।





हर-हर महादेव, हर-हर महादेव, हर-हर महादेव

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी बिहारवासियों, बक्सर जिलेवासियों, शिवभक्तों व कांवरियों को शुभकामनाएं।

किस्मत लिखने वाले को भगवान कहते हैं और बदलने वाले को भोलेनाथ कहते हैं।

धीरज ओझा

युवा सामाजिक कार्यकर्ता

बक्सर

### सहायक, रिपोर्टर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड और लोअर डिवीजन क्लर्क के पदों पर होगी नियुक्ति

# बिहार विधान परिषद में 172 पदों पर भर्ती के लिए करें आवेदन

**एजेंसी/पटना**

बिहार विधान परिषद ने 172 पदों पर भर्ती की अधिसूचना जारी की है। इनमें सहायक, रिपोर्टर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड और लोअर डिवीजन क्लर्क के पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार इन पदों के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की प्रक्रिया 25 जुलाई 2023 से शुरू होगी। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त 2023 तक है। बिहार विधान परिषद भर्ती का अभियान 172 रिक्तियों को भरने के लिए चलाया जा रहा है। रिपोर्टर, सहायक, सहायक कार्यवाहक के पद पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास राज्य/केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री होनी चाहिए।

डाटा एंट्री ऑपरेटर, लोअर डिवीजन क्लर्क के पद पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान या इंटरमीडिएट काउंसिल से इंटरमीडिएट योग्यता होनी चाहिए। सिक्योरिटी गार्ड के पद पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास इंटरमीडिएट काउंसिल या राज्य/केंद्र सरकार के बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विषय में इंटरमीडिएट होना चाहिए।

**आयु सीमा:** बिहार विधान परिषद में सहायक और सहायक विधान पदाधिकारी पद के लिए आवेदन कर रहे उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 21 वर्ष है। जबकि डाटा एंट्री ऑपरेटर और लोअर डिवीजन क्लर्क पद के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। जबकि अधिकतम आयुसीमा 37 वर्ष निर्धारित की गई है।

**आवेदन शुल्क:** बिहार विधान परिषद भर्ती के लिए आवेदन करने वाले एससी/एसटी, महिला, पीडब्ल्यूडी और बिहार के सभी आरक्षित और अनारक्षित श्रेणी के स्थायी निवासियों को 600 रुपये का आवेदन शुल्क देना होगा। जबकि अन्य राज्यों के अन्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 1200 रुपये है। सिक्योरिटी गार्ड और ड्राइवर के पद पर आवेदन करने वाले एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी और सभी महिला उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 400 रुपये है, जबकि अन्य कैटेगरी के उम्मीदवारों को 800 रुपये का आवेदन शुल्क देना होगा। ऑफिस अटेंडेंट के पद पर आवेदन करने वाले एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी और सभी महिला उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 150 रुपये है, जबकि अन्य कैटेगरी के उम्मीदवारों को 300 रुपये का आवेदन शुल्क देना होगा।

CMYK

## आक्रोश : मायके वालों ने शव को सड़क पर रख किया जाम, गिरफ्तारी की मांग

# बाइक, सोने की चेन व एसी के लिए दहेजलोभियों ने विवाहिता की गला घोंट कर की हत्या, हंगामा

**केटी न्यूज/आरा**




जिले के नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले में रविवार की रात दहेज के लिए शादी के महज पांच माह बाद ही एक विवाहिता की हत्या कर दी गई है। मायके वालों ने आरोप लगाया है कि बुलेट बाइक, सोने की चेन और एसी सहित अन्य मांग को लेकर रस्सी से गला घोंटकर हत्या की गई है। उनकी सूचना पर सोमवार की सुबह विवाहिता की लाश उसके ससुराल से बरामद की गई। मृत विवाहिता जगदेव नगर मोहल्ला निवासी विशाल सिंह की पत्नी स्वीटी कुमारी थी। उसके ससुराल वाले मूल रूप से गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारीसाथ गांव के रहने वाले हैं और कुछ वर्षों से जगदेव नगर मोहल्ले में मकान बनाकर रहते हैं। विशाल सिंह फाइनेंस कंपनी में जॉब करता है।

हत्या का आरोप स्वीटी कुमारी के पति, सास, ससुर व ननद सहित आधा दर्जन लोगों पर लगाया जा रहा है। इधर, विवाहिता की मौत के बाद उसके मायके वाले आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर गये। आक्रोशित मायके वालों ने मठिया मोड़ तीनमुहानी के पास बीच सड़क पर शव रख रोड जाम कर दिया गया। मायके वालों द्वारा एसपी को भी बुलाने की मांग की जा रही थी। उससे करीब घंटे भर आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर नवादा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। समझाकर मायके वालों को शांत कराया। उन्होंने आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। उसके बाद ही आवागमन बहाल हो सका। पुलिस मामले की छानबीन और आरोपितों की धरपकड़ में जुटी है।

- पति, सास व ससुर सहित आधा दर्जन लोगों पर हत्या का आरोप
- आरोपितों की गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद शांत हुआ आक्रोशित लोग

**गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर उतरे मायके वाले :** शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वीटी कुमारी के मायके वाले गांव लौटने के दौरान रोड पर उतर गये। उन्होंने शहर के मठिया मोड़ के पास एंबुलेंस से उतार कर शव सड़क पर रख दिया और जाम कर दिया गया। जिससे घंटे भर आवागमन बाधित रहा। इधर, भाई उज्जवल कुमार ने बताया रविवार की रात करीब 11 बजे उसकी स्वीटी से बात हुई थी। बातचीत के दौरान उसे लगा था कि उसकी बहन नाराज है। हालांकि पूछने पर उसने कुछ बताया नहीं। बातचीत के दौरान उसने कहा कि उसके पति आ गए हैं और फोन रख दिया। करीब एक घंटे बाद उसके ससुराल वालों द्वारा फोन कर कहा गया कि स्वीटी की मौत हो गयी है। सूचना पाकर परिजन उसके ससुराल जगदेव नगर पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि उसकी बहन स्वीटी मृत अवस्था में पड़ी है। उसके बाद नवादा थाना को सूचना दी गयी। वहीं, स्वीटी की मौत से उसके मायके में रोना धोना मचा है। वह अपने चार बहुत और एक भाई में चौथे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां लाली देवी, बहन सोनम, नेहा निभा और भाई उज्जवल है।

### खेत बेचकर पिता ने दहेज में दिए थे बारह लाख



रोहतास जिले के कच्छवां थाना क्षेत्र के दनवार गांव निवासी उज्जवल कुमार ने बताया कि उसकी बहन स्वीटी की शादी इसी साल 17 फरवरी को जगदेव नगर मोहल्ला कामेश्वर सिंह के पुत्र विशाल सिंह के साथ हुई थी। उसके पिता ने खेत बेचकर दहेज में 12 लाख रुपए नगद सहित अन्य सामान दिए थे। उसके बावजूद ससुराल वालों की ओर से दहेज में कुछ नहीं मिलने की ताना मारा जा रहे थे। शादी के एक माह बाद से ही उसके पति सहित ससुराल वालों द्वारा बुलेट, सोने की चैन और एसी सहित अन्य सामानों की मांग की जाने लगी। उसे लेकर उसकी बहन को प्रताड़ित भी किया जा रहा था। करीब दस दिन पूर्व पति ने उसकी बहन का मोबाइल छीन लिया था। इसी बीच रविवार की रात रस्सी से गला घोंट कर उसकी बहन की हत्या कर दी गयी।

## एक नजर

### लायंस क्लब ऑफ पटना-अनंता द्वारा वृद्धाश्रम एवं सेवा कुटीर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित




**पटना।** सोमवार को लायंस क्लब ऑफ पटना-अनंता के सौजन्य से पटना के पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम एवं शिवपुरी स्थित सेवा कुटीर में 110 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी। लायंस क्लब ऑफ पटना-अनंता एवं जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल के तत्वावधान में मौसम में हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए जांच शिविर का आयोजन किया गया। लायंस क्लब ऑफ पटना-अनंता एवं जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल के सौजन्य से शिवपुरी स्थित सेवा कुटीर में 95 भिक्षुकों की जांच की गयी। विदित हो कि सड़कों पर भीख मांगने वाले लोगों की मदद करने के लिए कई संगठन आगे आ रहे हैं और ऐसे लोगों के लिए रहने की व्यवस्था कर रहे हैं। जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल के चिकित्सकों की टीम ने सेवा कुटीर में रह रहे भिक्षुकों की जांच कर उन्हें समुचित परामर्श भी दिया। टीम द्वारा निर्देशित दवा की पूर्ती लायंस क्लब ऑफ पटना-अनंता द्वारा की जाएगी। पटना के पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में आश्रित वृद्धजनों की जांच लायंस क्लब ऑफ पटना-अनंता एवं जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल के चिकित्सकों की टीम के सौजन्य से की गयी। चिकित्सकों ने वृद्धजनों के रक्तचाप, मधुमेह, बुखार एवं ईसीजी की जांच की और जरुरी परामर्श दिए। लायंस क्लब ऑफ पटना-अनंता द्वारा निर्देशित दवाओं की आपूर्ति शीघ्र करने का आश्वासन भी आश्रित लोगों को दिया गया। लायंस क्लब ऑफ पटना-अनंता की अध्यक्ष लायन अनुपम ने बताया कि मानव सेवा करना हमारा प्रमुख लक्ष्य है।

### जिला मुखिया संघ ने डीएम को राष्ट्रपति से सम्मानित होने पर दी बधाई



**जहानाबाद।** राष्ट्रपति द्वारा लैंड रिकॉडस के डिजिटाइजेशन में बेहतर काम के लिए जिलाधिकारी रिची पाण्डेय को सम्मानित होने पर जिला मुखिया संघ ने सोमवार को समाहरणालय पहुंच जिलाधिकारी को गुलदस्ता एवं शॉल देकर बधाई दी। बधाई देते हुए जिला मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष अजीत कुमार उर्फ उदय यादव ने कहा जिलाधिकारी को राष्ट्रपति पुरस्कार मिलना जिले के साथ-साथ पूरे बिहार के लिए गौरव की बात है। भूमि रिकार्ड के डिजिटलीकरण होने से आम लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में जिले का तेजी से विकास हो रहा है। आने वाले दिनों में भी जिलाधिकारी अपने कार्य क्षमता से जिले को गौरवन्वित करेंगे। साथ ही सम्मान मिलने से जिलाधिकारी के साथ-साथ अन्य अधिकारियों को भी और अधिक लगन के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। बधाई देने वालों में मांदिल मुखिया बबलू यादव, उतर सेरथु मुखिया प्रतिनिधि सफु सिंह, मुखिया बिहारी यादव, अशोक पासवान, विगन मांझी, पप्पु साव, अशोक कुमार, अमरनाथ सिंह, उदय यादव, संतोष यादव, मुखिया प्रतिनिधि गंगासागर कुंज बिहारी सहित कई मुखिया शामिल थे।

## मिली सफलता: वारदात को अंजाम देने से पहले पुलिस को देख हथियार छोड़ कर भागे बदमाश

**केटी न्यूज/आरा**

- एक देशी राइफल व एक गोली बरामद, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी



जिले के सहार थाना क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता से एक बड़ी वारदात टल गयी। अपराधियों की सूचना मिलने पर पुलिस ने बंशी डिहरी नगर पुल के पास से एक देसी राइफल और एक गोली बरामद किया। वहीं, पुलिस को देख अपराधी मौके से भाग निकले। मामले में पुलिस ने बंशी डिहरी गांव के दो लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। जिनमें राजेश पासवान एवं गिरी पासवान शामिल हैं।

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि नासरीगंज-सकड्डी स्टेट हाइवे पर स्थित बंशी डिहरी नहर पुल के पास दो अपराधी किसी वारदात को अंजाम देने के लिए हथियार लेकर खड़े हैं। जिसके बाद एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की गयी। जहां पुलिस को देख दोनों अपराधी हथियार छोड़ कर भाग निकले। हालांकि, पुलिस ने उनका पीछा भी किया, लेकिन बदमाश पकड़ में नहीं आ सकें। मौके पर पुलिस ने 315 बोर की एक देसी राइफल और आठ एमएम की एक गोली बरामद कर लिया है। एसपी ने बताया दोनों बदमाशों की पहचान कर ली गयी है। उनमें उनमें बंशी डिहरी गांव निवासी विपत पासवान के पुत्र राजेश पासवान और गिरी पासवान हैं। दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के अनुसार आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही, उनको गिरफ्तारी किया जाएगा।

## कोचिंग जाने के दौरान बाइक सटने का विरोध करने पर बदमाशों ने किशोर पर चलायी गोली, इलाजरत

**केटी न्यूज/आरा**



नवादा थाना क्षेत्र अंतर्गत कतीरा मोड़ स्थित बाजार शो-रूम के समीप सोमवार की दोपहर बाइक सटने का विरोध करने पर बदमाशों ने एक छात्र पर फायरिंग कर दी। हालांकि, फायरिंग में छात्र बाल-बाल बच गया, लेकिन भागने के दौरान सड़क पर गिरने से जख्मी हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। जख्मी छात्र उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी सुजीत सिंह का बेटा सूरज कुमार है। फायरिंग की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अपने स्तर से छानबीन की। पुलिस को मौके से एक खोखा मिलने की भी बात कही जा रही है।

जख्मी छात्र सुजीत सिंह ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ कतीरा स्थित बजाज शोरूम के समीप कोचिंग करने जा रहा था। तभी पीछे से आ रहा एक बाइक सवार युवक उसे रगड़ते निकल रहा था। तब उसने बाइक सवार को कहा कि दिखाई नहीं दे रहा है। उस बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हो गई। इस बीच बाइक सवार युवक ने उस पर गोली चला दी। उसमें वह जख्मी हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस डायल 112 नंबर पुलिस पहुंची और इलाज के लिए छात्र को सदर अस्पताल पहुंचाया। वहीं, पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। उसके लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला जा रहा है। आसपास के लोगों से भी जानकारी ली जा सकती है। पुलिस का कहना है कि फायरिंग के दौरान भागने के क्रम में गिरने से छात्र जख्मी हो गया है। इधर, एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा भी छात्र को गोली लगने से इन्कार किया।

### विजय सिंह के परिवार से मिला कांग्रेस का शिष्टमंडल

**जहानाबाद।** आज नागालैंड के पुर्व राज्यपाल निखील कुमार सिंह पूर्व मंत्री कृपा नाथ पाठक पूर्व विधान परिषद डॉ अजय कुमार ने जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में कल्पा गांवजाकर शोकाकुल विजय सिंह के परिवार से मिलकर सांत्वना दिया। उन्होंने कहा विजय सिंह एक समाजिक कार्यक्रता थे, उनको चले जाने से पूरे जिला को अपूर्णीय क्षती हुयी है। कांग्रेस पार्टी हमेशा शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि विजय सिंह के अचानक चले जाने से उनके परिवार पर जो दुख का पहाड़ टूटा है उसको भरना असंभव है। इसिलिए कांग्रेस पार्टी ये मांग करती है की केंद्र सरकार उनके पुत्र को सरकारी नौकरी दे। प्रतिनिधिमंडल में शामिल तार्केश्वर सिंह, धनन्जय कुमार सिंह, उपेन्द्र कुशवाहा, कमरान हुसैन, वीरेन्द्र शर्मा, राकेश शर्मा, कमलेश कुशवाहा, हेमंत कुमार, प्रियरन्जन कुमार, अम्बिका यादव, रामधार सिंह, विमलेश शर्मा, कृष्णा प्रशाद सिंह, मो. अमीन, रंजीत सिंह, मनोज सिंह व अन्य शामिल रहे।

## साढ़े छह किग्रा गांजा के साथ हत्या आरोपित गिरफ्तार, नेटवर्क का पता लगा रही पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र अंतर्गत मसाढ़ गांव के नजदीक चिमनी भट्ठा के पास छापेमारी कर पुलिस ने साढ़े छह किग्रा गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर है। वह असम के दीमापुर से सुटकेस में गांजा लेकर आ रहा था। पुलिस ने उसके पास से साढ़े छह किग्रा गांजा बरामद किया। जो मसाढ़ गांव निवासी गणेश सिंह का बेटा दिग्विजय कुमार उर्फ कुणाल सिंह है। वह पूर्व से हत्या के एक मामले में भी आरोपित रहा है।

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शनिवार की देर रात सूचना मिली कि एक लड़का दीमापुर से गांजा लेकर मसाढ़ गांव आ रहा है। उस आधार पर उसकी गिरफ्तारी को लेकर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम ने मिल्की से मसाढ़ गांव जाने वाली सड़क पर चिमनी भट्ठा के पास घेराबंदी की। उस दौरान एक टेंपो आती दिखाई पड़ी। उसे रोकने पर एक युवक ऑटो से उतर कर भागने की कोशिश करने लगा। हालांकि, जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके सुटकेस से दो प्लास्टिक की दो थैली से साढ़े छह किग्रा गांजा बरामद किया। उसने पूछताछ में दीमापुर से गांजा खरीदने और मसाढ़ गांव लाने की बात स्वीकार की। एसपी ने बताया कि उससे गांजा तस्करी गिरोह के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया जा रहा है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार दिग्विजय कुमार उर्फ कुणाल सिंह के खिलाफ 2015 में हत्या का एक केस दर्ज हुआ था। टीम में गजराजगंज ओपी इंचार्ज चंदन कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## जिलाधिकारी ने की शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा, दिए दिशा-निर्देश

# नो वर्क नो पे की तर्ज पर अनुपस्थित शिक्षकों का काटें वेतन


**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में शिक्षा विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालयों का बेस्ट ऐप के माध्यम से निरीक्षण करते हुए ससमय निरीक्षण प्रतिवेदन अपलोड करने एवं निरीक्षण के क्रम में प्राप्त होने वाले शिक्षा संबंधित मामलों को त्वरित रूप से निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। इस क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों द्वारा विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान जो शिक्षक अनुपस्थित पाए गए हैं नो वर्क नो पे के आधार पर उनका वेतन रोकने संबंधित कार्रवाई की गई है। साथ ही, जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जिन उच्च विद्यालयों में शिक्षक नहीं है वहां कक्षा 6 से 8 में पढ़ाने वाले शिक्षकों की तत्काल प्रतिनियुक्ति कक्षा नौ एवं दस को भी पढ़ाने के लिए आदेश निकालना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में बताया गया कि लगभग 38 विद्यालयों में स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण किया गया है जिसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अनुश्रवण करते हुए संबंधित अंचलाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिन विद्यालयों का सीमांकन/दाखिल खारिज नहीं हो पाया है उसके लिए संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित करेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि नजदीकी नल जल योजना से विद्यालयों में पानी का कनेक्शन लेना सुनिश्चित करेंगे।

जिला पदाधिकारी द्वारा वैसे विद्यालय जिनमें प्रधानाध्यापक द्वारा असैनिक कार्य कराने हेतु राशि की निकासी की गई है परंतु कार्य को नहीं किया गया है वैसे प्रधानाध्यापकों के विरुद्ध नीलाम पत्र दायर करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही विद्यालयों में रखे अनुपयोगी सामग्रियों के नीलामी संबंधित आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।



# रांग साइड से आ रही एक्सयूवी ने बाइक में मारी टक्कर, दो की हालत गंभीर

- कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के नुआंव गांव के पास हुई घटना

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**



कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के नुआंव गांव के पास सोमवार को एनएच 922 पर एक एक्सयूवी व बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय पुलिस तथा राहगीरों की सहायता से उन्हें इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनकी बिगड़ती हालत को देख सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया गया। घटना सुबह करीब 10 बजे के आस पास की बताई जा रही है। पुलिस वाहन को जब्त कर जांच में जुटी है। बताया जाता है कि एक्सयूवी गलत लेन में व तेज रफ्तार चल रही थी। जिस कारण यह दुर्घटना हुई। जख्मियों की पहचान डुमरांव स्टेशन रोड के रवि यादव के 18 वर्षीय पुत्र अमन कुमार व सुबोध पांडेय के 19 वर्षीय पुत्र विवके पांडेय के रूप में हुई है। समाचार लिखे जाने तक दोनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को एक तेज रफ्तार एक्सयूवी बक्सर की तरफ से ब्रह्मपुर जा रही थी। चालक रांग साइड से वाहन चला रहा था। जबकि डुमरांव निवासी दोनों युवक एक बाइक पर बैठ ब्रह्मपुर की तरफ से डुमरांव आ रहे थे। इसी दौरान नुआंव पुल के पास एक्सयूवी ने बाइक में धक्का मार दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एक्सयूवी को जब्त कर चालक का पता लगाया जा रहा है। गौरतलब है कि एनएच 922 पर नुआंव से प्रताप सागर के बीच आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। अधिकांश दुर्घटनाएं वाहन चालकों की लापरवाही तथा रांग साइड से वाहन चलाने के कारण होती है।

## सड़क दुर्घटना में जख्मी एक युवक की इलाज के दौरान मौत

**केटी न्यूज/नावानगर**

रविवार को आरा-मोहनिया हाईवे पर इकिल गांव के पास सड़क दुघर्टना में जख्मी युवक की मौत सोमवार को पीएमसीएच में इलाज के दौरान हो गई। जबकि 24 घंटे बाद भी दूसरे युवक की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। मृतक सारा गांव निवासी जितेन्द्र चौधरी के 22 वर्षीय पुत्र प्रियेश पटेल है। इधर जख्मी युवक की मौत की खबर मिलते ही उसके घर में कोहराम मच गया।

मृतक के परिजनों के चित्कार से पूरा गांव गमगीन हो गया। बता दें कि बीते दिन रविवार की दोपहर दो बजे आरा-मोहनिया हाइवे पर एक अनियंत्रित बेलोरो ने उसके आगे चल रही बाइक में पीछे से धक्का मार दिया था। जिससे बाइक पर सवार सारा गांव निवासी प्रियेश पटेल तथा सोनवर्षा गांव निवासी विकेश पटेल गंभीर रुप से जख्मी हो गए थे। जिन्हें स्थानीय निजी क्लीनिक में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए आरा भेज दिया गया था। जहां से चिकित्सकों ने दोनों जख्मी युवक को चिंताजनक स्थिति में पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में जख्मी दो युवक में एक की मौत होने की सूचना उन्हें मिली है। दुर्घटना के बाद फरार हुए बेलोरो एवं चालक की तलाश की जा रही है।

## एक नजर

### डीएम ने सिंचाई व्यवस्था की समीक्षा कर बंद पड़े नलकूपों को शीघ्र चालू करवाने का दिया निर्देश

**बक्सर।** डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को सोन नहर प्रमंडल, गंगा पंप नहर एवं लघु सिंचाई के माध्यम से जिले में फसलों की सिंचाई की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान डीएम ने सिचाईं व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सोन नहर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि वर्तमान में रिहंद एवं बाण सागर परियोजना से पानी मिल रहा है, जो मांग की अपेक्षा कम है। जबकि गंगा पंप नहर के कार्यपालक अभियंता ने कहा कि संबंधित क्षेत्र के किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए जलापूर्ति की जा रही है। डीएम ने नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं रोपनी के दौरान सभी किसानों को पानी की उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएम ने लघु सिंचाईं प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को बंद पड़े सभी राजकीय नलकूपों को शीघ्र चालू कराने एवं आहार-पोखरों के नियमानुसार जीर्णोद्धार करने का फरमान सुनाया। बता दें कि इस बारिश नहीं होने से जिले में सूखे जैसी स्थिति है। जिस कारण धान की रोपनी बाधित हो रही है। वहीं दूसरी तरफ सामाजिक कार्यकर्ता सह मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष रामबहादूर सिंह ने जिले में अबतक हुई अल्प वर्षा को देखते हुए डीएम अंशुल अग्रवाल से जिले को सूखा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने तथा किसानों को सूखा राहत देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस खरीफ वर्ष में बारिश नहीं होने से खेती का काम ठप हो गया है। धान की रोपनी बाधित है। जबकि उत्तरी हिस्सें में मक्का तथा भदया सब्जियों की फसल पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। लिहाजा जिले को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित कर किसानों को सूखा राहत देना चाहिए।

### आहर में डूबने से हुई युवक की मौत के बाद परिजनों से मिल विधायक ने दी सांत्वना



**नावानगर।** बीते दिन सोनवर्षा के एक युवक राजेश पासी की शव भोजपुर जिला के करवनियां आहर में डूबने से हुई मौत पर विधायक अजीत कुमार उर्फ अजीत कुशवाहा ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। साथ ही उन्होंने मृतक के बेवा का आंसू पोछे और हर संभव सहायता का भरोसा भी दिया। इसके पूर्व विधायक ने इस पूरी घटना क्रम की जानकारी परिजनों से लिया। उन्होंने परिजनों से कहा कि आपदा के तहत सहायता राशि बहुत जल्द मृतक के बेवा को सौंप दी जाएगी। बता दें कि रविवार को सोनवर्षा के युवक का शव करवनियां आहर में मिला था। परिजनों के अनुसार मृतक घर से बैग एवं अन्य सामान लेकर पटना के लिए रवाना हुआ था। पर उसका शव एयार-करवनिया आहर से मिली थी। इधर मृतक को लेकर परिजनों में एक पहेली बनी हुई है कि वह घर से जब पटना जाने के लिए बस पर सवार हो रवाना हुआ, तो फिर वह किस उद्देश्य से एयार-करवनियां आहर तक पहुंच गया। जबकि सोनवर्षा से करवनियां की दूरी लगभग छह किलोमीटर है वह भी मुख्य मार्ग से हटकर। इधर ग्रामीणों के बीच युवक की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है।

## खबरें फटाफट

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत, पहचान नहीं

**डुमरांव।** सोमवार को स्थानीय रेलखंड के हथेलीपुर मठिया गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है। घटना सुबह करीब 10.30 बजे हथेलीपुर मठिया गांव के रेलवे क्रासिंग के पास डाउन ट्रैक की है। इसकी जानकारी मिलते ही जीआरपी के पोस्ट प्रभारी सुनील कुमार मौके पर पहुंच शव को कब्जे में जांच में जुट गए। हालांकि महिला के पास न तो कोई मोबाईल मिला और नही कोई ऐसे कागजात जिसके आधार पर उसकी पहचान हो सके। घंटों प्रयास के बाद भी जब शव की शिनाख्त नहीं हुई तो जीआरपी ने उसे पोस्टमार्टम के लिए बक्सर पहुंचवाया। वही उसकी तस्वीर के आस पास के थानों में भेज पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी उम्र 50 वर्ष के आस पास बताई जा रही है। जीआरपी के पोस्ट प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### रेलवे स्टेशन से बाहर आते ही दो भाइयों की पिटाई

**डुमरांव।** डुमरांव रेलवे स्टेशन से बाहर आते ही दो लोगों की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। दोनों जख्मी श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन से उतर कर चाय पीने जा रहे थे। इसी दौरान सात नामजद सहित तीन अज्ञात लोगों ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। इस मामले में पीड़ित आथर गांव निवासी विश्वनाथ तिवारी के पुत्र ललन तिवारी ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर अपने ही गांव के दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मैं और मेरा भाई शशिभूषण तिवारी दिल्ली में काम करते है। घर आने के लिए श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन से डुमरांव पहुंचे। ट्रेन से उतरने के बाद बाहर निकल कर चाय पी रहा था। इसी दौरान गांव के ही मनोज तिवारी, सरोज, विनोद तिवारी सहित सात लोगों के अलावे तीन अज्ञात लोग आ धमके और दोनों भाइयों की बुरी तरह से पिटाई कर दी।


## अनोखी चोरी: मां के साथ आए बच्चे ने दिया घटना को अंजाम

# पांच वर्षीय मासूम ने बक्सर पीएनबी के कैश काउंटर से उड़ा लिये एक लाख रुपए

- सीसीटीवी फुटेज से खुला चोरी का राज, प्रबंधक ने दर्ज कराया एफआईआर, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को बक्सर में एक हैरतअंगेज चोरी का मामला सामने आया है। चोरी की यह वारदात भरी दोपहरी पीएनबी की मुख्य शाखा में घटित हुई है। अपनी मां के साथ आए एक पांच-छह वर्षीय मासूम कैश काउंटर में घुस टेबल पर रखे 500 की दो गड्डियों ( बंडल ) को लेकर फरार हो गया। घटना के वक्त कैशियर किसी काम से काउंटर छोड़ बाहर निकला था। इसी दौरान महिला के इशारे पर मासूम ने इस घटना को अंजाम दिया है। बाद में दोनों बैंक से आराम से फरार हो गए। कुछ घंटों के बाद जब कैशियर कैश का मिलान करने लगा तब एक लाख रूपए कम पड़ रहे थे। इसके बाद बैंक में अफरा तफरी मच गई। तत्काल बैंक प्रबंधक को इसकी सूचना दी गई। कई बार मिलान करने के बाद भी जब कैश का हिसाब नहीं मिला तब प्रबंधक ने बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। सीसीटीवी फुटेज देखते ही सभी चौंक गए तथा चोरी की बात समझ में आई। फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक महिला के साथ आया मात्र पांच-छह वर्ष के बच्चे ने ठीक 12.33 बजे कैश काउंटर में प्रवेश कर पांच-पांच सौ के दो बंडल लेकर निकल गया। इसके बाद बैंक प्रबंधक अनुप कुमार ने नगर थाने में उक्त बच्चें तथा उसकी मां के खिलाफ मामला दर्ज कराया। एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।







### महिला ने इशारे से बच्चे को कैश काउंटर के अंदर भेजा

सीसीटीवी देखने यह स्पष्ट हो गया कि उक्त महिला ही असली शातिर है तथा काउंटर को खाली देख अपने बच्चे को इशारे से काउंटर के अंदर भेज उससे पैसा चोरी करवाई है। सीसीटीवी फुटेज में बच्चे के साथ उसके बैंक परिसर में आने तथा जाने तक की सारी गतिविधियां रिकार्ड हो गई है। जिसके बाद पुलिस उसकी पहचान के लिए विभिन्न साइबर सेनानी ग्रुपों, सोशल मीडिया तथा आस पास के थानों में भेज पहचान का प्रयास कर रही है।

### अनोखी चोरी से आश्चर्य में है पुलिस व बैंक प्रबंधन

बक्सर में हुई इस अनोखी चोरी से पुलिस व बैंक प्रबंधन आश्चर्य में हैं। महिला द्वारा जिस तरीके से मासूम को ट्रेंड कर उससे चोरी करवाई गई है उससे जिले के सभी बैंकों तथा पुलिस थानों की बेचैनी बढ़ गई है। बता दें कि अभी तक बैंकों में चोरी या छिनतई जैसी घटनाएं अधिकत युवाओं द्वारा अंजाम दी जाती रही है। लेकिन इस चोरी ने बैंक व पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए एक बार फिर से सोचने पर मजबूर कर दिया है।

### क्या कहते हैं थानाध्यक्ष

बक्सर पीएनबी की मुख्य शाखा में एक एक महिला द्वारा पांच वर्षीय बच्चे के माध्यम से कैश काउंटर से एक लाख की चोरी करवाई गई है। प्रबंधक ने एफआईआर दर्ज करवाया है। महिला की पड़ताल की जा रही है।

**– दिनेश कु. मालाकार, नगर थानाध्यक्ष, बक्सर**

## कोरानसराय में 1488 पीस टेट्रा पैक शराब लदी कार जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार, दूसरा फरार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सोमवार की अहले सुबह अंधेरे में यूपी से शराब भरकर पटना जा रही एक लग्जरी कार को डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने एनएच 120 सड़क पर पकड़ने में सफलता पायी है। इस मामले में वाहन चालक सह तस्कर को गिरफ्तार किया गया है जबकि उस वाहन पर बैठे दो अन्य धंधेबाज पानी मे छलांग लगाकर भागने में सफल रहें।

घटना सोमवार की अहले सुबह करीब तीन बजे की बतायी जाती है। अनुमंडल पुलिस मुख्यालय के सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसडीपीओ ने बताया कि कोरानसराय चौक पर गश्ती कर रहा था। इसी दौरान नारायणपुर-मठिला रोड से एक स्कार्पियों, एक बोलेरो तथा एक स्विफ्ट डिजायर कार आ रही थी। पुलिस टीम को देख स्वीफ्ट डिजायर कार का चालक स्पीड बढ़ा नावानगर की तरफ भागने की कोशिश करने लगा। एसडीपीओ ने तत्काल इसकी सूचना कोरानसराय व वासुदेवा ओपी थाने की पुलिस को देते हुए अपने वाहन से उसका पीछा किया। इस दौरान कार कोरानसराय चौक तथा थाना को पार करते हुए 12 किलोमीटर दूर मुकुंदडेरा पुल तक पहुंच गई थी। संयोग से तेज रफ्तार के कारण कार अनियंत्रित हो पुल के डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे चालक



सहित दो लोग कार से उतर पानी में भागने लगे। जिसमें पुलिस ने एक तस्कर को दौड़ाकर पकड़ लिया। जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठा भागने में सफल रहा। गिरफ्तार तस्कर कार दुर्घटना में जख्मी हो गया था। एसडीपीओ ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी नालंदा जिला के चंडी थाना स्थित कोपलपर गांव का रहने वाला अनिल राम का पुत्र मनीष कुमार बताया जाता है जबकि एक अन्य धंधेबाज की पहचान सूरज कुमार, कंकड़बाग पटना के रूप में हुई है। यह गिरोह पटना के कंकड़बाग अशोक नगर में किराये का मकान लेकर शराब का धंधा करते है। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस की टीम जब कार की तलाशी ली तो धंधेबाजों ने उस कार में 31 कार्टन शराब को छिपाया था, जिसमें 1488 पीस 8 पीएम और 12 पीस 750 एमएल के व्हिस्की बरामद की गयी, जिसकी मात्रा 277 लीटर बताई जा रही है।

## सिमरी प्रखंड के नियाजीपुर में जीविका दीदियों को दिया गया प्रशिक्षण

# जीविका दीदियों को टीबी मरीजों की पहचान इलाज और रोग से बचाव की मिली जानकारी

**केटी न्यूज/सिमरी**

लोगों को टीबी की रोकथाम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान में अब जीविका दीदियों को शामिल किया गया है। ताकि, ग्राम व पंचायत स्तर पर लोगों को टीबी के प्रति जागरूक और मरीजों की निगरानी की जा सके। इस क्रम में सिमरी प्रखंड के नियाजीपुर खुर्द पंचायत स्थित स्थानीय नियाजीपुर बाजार में जिला टीबी सेंटर के कर्मियों द्वारा जीविका दीदियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जीविका दीदियों को टीबी के लक्षणों की पहचान, इलाज, बचाव और निक्षय पोषण योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिससे जीविका दीदियां अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर भ्रमण के दौरान टीबी मरीजों की पहचान करें और पंचायत के लोगों को सजग और जागरूक कर सकें। प्रशिक्षण में बीपीएम धर्मेंद्र कुमार के अलावा 25 ग्राम संगठनों की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष आदि शामिल हुईं।

**टीबी की पुष्टि होने पर सूचक के रूप में दिए जाएंगे 500 रुपए:** एसटीएलएस बबलू कुमार ने बताया, टीबी के इलाज में सबसे जरूरी है टीबी के लक्षणों की पहचान। टीबी के लक्षण मिलने पर पीएचसी में भेज कर टीबी के लक्षण वाले मरीजों की जांच होगी और अगर टीबी रोग की पुष्टि होती है तो उसका उपचार प्रारंभ होगा। वहीं, मरीज में टीबी की पुष्टि होने पर सूचक के रूप में उन्हें 500 रुपए भी दिए जाएंगे। यह संक्रामक रोग है इसलिए समय से पहचान कर अगर इलाज प्रारंभ हो जाए तो मरीज ठीक हो सकता है। साथ ही, उसके द्वारा किसी और को संक्रमित करने की संभावना नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों की जांच और दवा दोनों सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दी जाती है। वहीं, इलाज के दौरान मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत प्रतिमाह 500 रुपए भी दिए जाते हैं। जिससे वो पौष्टिक भोजन कर स्वयं को सुपोषित कर सके।

**मरीजों को जांच के लिए करें प्रेरित:** एसटीएस पिंकी कुमारी ने बताया कि स्वयं सहायता समूह या आस-पड़ोस में किसी भी व्यक्ति को लगातार दो सप्ताह या उससे अधिक दिनों तक खांसी या बलगम के साथ खून का आना, शाम को बुखार आना या वजन कम होने की शिकायत होने पर उनकी जांच कराएं। बीमारी की पुष्टि होने पर उनका इलाक कराएं।






# आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर ले रही हैं लोगों की सेहत का हाल

**केटी न्यूज/बलिया**

◆क्षय, कुष्ठ, फाइलेरिया एवं कालाजार लक्षणयुक्त मरीजों की भी हो रही खोज

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनपद में 17 जुलाई से दस्तक अभियान शुरू किया गया है, जोकि 31 जुलाई तक चलाया जायेगा। इसमें आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों की सेहत का हाल जान रही हैं। यह कहना है वेक्टर बोर्न के नोडल अधिकारी डॉ अभिषेक मिश्रा का।

उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान में संचारी रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार आदि के साथ ही क्षय रोग, कुष्ठ रोग, कालाजार एवं फाइलेरिया के लक्षणयुक्त मरीजों को भी चिन्हित किया जा रहा है। इस अभियान में आशा कार्यकर्ता और आगंनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि संचारी रोगों के प्रति जागरूक कर रही है। इसके साथ ही लक्षणयुक्त व्यक्तियों का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर सहित संपूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड कर रही है। इनमें बुखार के रोगियों की सूची, आईएलआई (इनफ्लुएंजा लाइक इलनेस) रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुष्ठ रोग तथा फाइलेरिया एवं कालाजार रोगों के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की सूची,



कुपोषित बच्चों की सूची शामिल है। साथ ही, क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो सूची तैयार कर एएनएम को उपलब्ध कराएंगी।

**दस्तक अभियान के तहत खोजे गए इतने मरीज :** जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने बताया कि इस क्रम में दस्तक अभियान के तहत अभी तक खोजे गए संभावित क्षय रोग लक्षणयुक्त व्यक्तियों की संख्या 98, संभावित मलेरिया लक्षणयुक्त व्यक्तियों की संख्या 352, मलेरिया धनात्मक शून्य, संभावित कालाजार लक्षणयुक्त व्यक्तियों की संख्या 47, संभावित फाइलेरिया के लक्षण युक्त व्यक्तियों की संख्या 168 तथा अति कुपोषित बच्चों की संख्या 45 है। 45 अति कुपोषित बच्चों में से 19 बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में संदर्भित किया गया है। कालाजार के 47 लक्षण युक्त व्यक्तियों में से सभी की जांच हुई जिसमें धनात्मक शून्य, टीबी के 98 लक्षण युक्ति व्यक्तियों में से सभी को जांच हेतु स्वास्थ्य केंद्रों पर संदर्भित किया गया है। उन्होंने बताया कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर- घर जाकर समुदाय को डेंगू, मलेरिया,कालाजार, फाइलेरिया आदि मच्छर जनित व संचारी रोगों से बचाव के लिए बेहतर व्यवहार को अपनाने के लिए जन जागरूक कर रही है। गृह भ्रमण के दौरान प्रमुख जगह पर संचारी रोगों के बचाव से जुड़े पोस्टर, स्टिकर लगाकर तथा स्वास्थ्य केंद्र पर होने वाली गतिविधियों में सहयोग कर रही हैं। जिला मलेरिया अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि अपने घरों के आसपास साफ-सफाई रखें, जलजमाव न होने दें, जलजमाव वाले पात्रों को नष्ट कर दें, मच्छरदानी का प्रयोग करें और पूरी आस्तीन वाले कपड़े पहनें।

## तिखमपुर में सड़क किनारे बन रहे नाले का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

# नाला निर्माण की धीमी प्रगति पर डीएम ने सहायक अभियंता को लगाई फटकार

**केटी न्यूज/बलिया**

तिखमपुर में सड़क किनारे बन रहे नाले का जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सोमवार को निरीक्षण किया। नाला निर्माण की प्रगति संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। कार्यदायी संस्थान लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता आशीष कुमार को फटकार लगाते हुए निर्माण की प्रगति के संबंध में पूरी रिपोर्ट तलब की।

उन्होंने कहा कि जनता की सहूलियत के लिए इस नाले का निर्माण हो रहा है, और अगर समय से कार्य नहीं होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़े तो यह क्षम्य नहीं है। कार्य के प्रति लापरवाही पर नाराज जिलाधिकारी ने शासन स्तर से कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजने के संकेत दिए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई जगह कार्य बाधित है। एकाध जगह अतिक्रमण भी मिला। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि इधर के कई मोहल्लों के पानी के निकास के लिए यह नाला निर्माण जल्द से जल्द कराया जाना जनहित में अति आवश्यक है, लिहाजा तत्काल सभी बाधाओं को दूर कर निर्माण में तेजी लाई जाए। जितना जल्दी हो सके निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर करके पूरा किया जाए।



■ कई स्थानों पर बाधित मिला काम, कई जगहों पर पाया अतिक्रमण

**जिलाधिकारी ने बघउंच गौशाला का किया निरीक्षण :** गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को दृष्टिगत जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने सोमवार को बेलहरी ब्लॉक के बघौच गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला के कर्मचारी और वहां मौजूद ग्रामीणों से बाढ़ के बारे में विस्तृत जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि गौशाला के चारों तरफ बाढ़ का पानी आ जाता है, लेकिन गौशाला के अंदर पानी नहीं आता। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ आने पर पशुओं के चारे की व्यवस्था करने में समस्या होगी। उन्होंने सीडीओ से पशुओं के शिफ्टिंग की कार्य योजना के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि पशुओं को 15-20 की संख्या में अन्य दूसरे गौशालाओं में शिफ्ट किया जाएगा। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पशु और आम जनों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है । निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा, पशुपालन विभाग के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

**प्रगति में सुधार नहीं होने पर सीयर व चिलकहर के सीडीपीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के दिए निर्देश :** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला पोषण मिशन की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। मिशन के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। पिछली बैठक में भी खराब प्रगति के बाद चेतावनी के बावजूद कोई सुधार नहीं होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए चिलकहर और सीयर के सीडीपीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। उन्होंने आधार सत्यापन प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिए गए। रेवती व सोहाव ब्लॉक की भी प्रगति में सुधार लाने की चेतावनी दी। मिशन संभव अभियान की समीक्षा के दौरान कहा कि पोषण ट्रैकर पोर्टल पर बच्चों की फीडिंग जिम्मेदारी के साथ हो। सीडीपीओ अपने अपने क्षेत्र में पोर्टल से केंद्रवार सूची निकालकर सत्यापन कर लें। सचेत किया कि रैंडमली किसी केंद्र के सत्यापन में कमी मिल गई तो संबंधित की जवाबदेही तय करते हुए सीधे कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि पोषण मिशन से जुड़े कार्य पूरी पारदर्शी ढंग से हो। सीडीपीओ लगातार आंगनबाड़ी केंद्रों पर भ्रमण कर मॉनिटरिंग करें, क्योंकि कहीं भी खराब स्थिति मिलने पर संबंधित सीडीपीओ की जवाबदेही तय होगी। अनुपूरक पोषाहार वितरण में परियोजनावार स्थिति की जानकारी ली।

## डीसीएम की चपेट में आने से युवती की मौत, दो गंभीर

**बलिया।** सोमवार की सुबह सहतवार-रेवती मार्ग पर वर्मा जूनियर हाईस्कूल सहतवार के पास रेवती की तरफ से तेजगति से आ रही डीसीएम ने बाइक सवार को पीछे से धक्का मार दिया। जिसके बाद बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन फानन में आस पास के लोग सभी घायलों को सहतवार प्राइवेट हॉस्पिटल ले गये, जहाँ डाक्टर ने युवती को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पर पहुँची सहतवार पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही दो की स्थिति गंभीर देखते हुए उपचार हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। उधर ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि सहतवार थाना क्षेत्र के अतडरिया गांव निवासी रानी चौहान 21, सोनी चौहान 18 पुत्री भोला चौहान सोमवार की सुबह अपने चाचा के लड़के नितिश चौहान 23 के साथ बाइक से सहतवार थाना क्षेत्र के चाँदपुर जा रहे थे। जैसे ही सहतवार रेवती पर वर्मा जूनियर हाईस्कूल के पास पहुँचे कि पीछे से तेजगति से आ रही डीसीएम ने जोरदार धक्का मार दिया। जिससे बाइक पर सवार तीनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तीनों घायलों को इलाज के लिए सहतवार प्राइवेट चिकित्सक के पास ले गये। जहाँ चिकित्सक ने सोनी को मृत घोषित कर दिया।

## एक नजर

### अधिवक्ताओं ने फूंका प्रशासन का पुतला

**बलिया।** रसड़ा तहसील प्रांगण में अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों की समर्थन में सोमवार को तहसील प्रशासन का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया। उपजिलाधिकारी को 4 सूत्री मांग पत्र सौंपा कर चेताया कि मांगों पर अमल नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन करेंगे। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारिका के नेतृत्व में अधिवक्ता तहसील प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर तहसील प्रशासन का पुतला फूका।



अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए उपजिलाधिकारी के पास पहुंच कर पत्रक सौप कर मांग किया की तहसीलदार रसड़ा एवं उनके पेशकर के विरुद्ध अधिवक्ता से दुर्व्यवहार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर उसको निलंबित तथा स्थानांतरण किया जाए तथा तहसीलदार एवम पेशकार के भ्रष्टाचार की जांच निष्पक्ष जांच कराई जाए, नायब तहसीलदार रसड़ा रोशन सिंह द्वारा भू माफियाओं से मिलीभगत करके नामांतरण अवैध शुल्क लेने की निष्पक्ष जांच कर स्थानांतरण किया जाए, अधिवक्ता सुनील श्रीवास्तव के हमलावरों को गिरफ्तारी करने तथा सब रजिस्टार रसड़ा कार्यालय को तहसील परिसर में स्थापित करने की मांग किया। द्वारिका सिंह ने चेताया अपनी मांगों के समर्थन में 28 तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे 31 जुलाई को बैठक कर बृहद आंदोलन का बिगुल फूका जाएगा। मौके पर मनजीत सिंह, अनिल सैनी, त्रिलोकी नाथ सिंह, प्रमोद सिंह, चित्रसेन चौबे, अवधेश सिंह, रामजी सिंह, वीरेंद्र राम, देवेंद्र सिंह, अजय सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह व अन्य मौजूद रहे।

### तीसरी सोमवार पर मऊ जनपद के सभी शिव मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**मऊ।** जनपद में सावन की तीसरी सोमवार को शिव मंदिरों पर आस्था का सैलाब उमड़ा। हर हर महादेव, जय शिव शंकर और बोल बम के नारों से संपूर्ण जिला गुंजायमान रहा। श्रावण की तीसरी सोमवारी को सभी शिव मंदिरों पर आकर्षक सजावट की गई तथा शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर उन्हें बेलपत्र अर्पित कर अपने को धन्य माना। बड़ी संख्या में भक्तों ने तमसा नदी से कांवड़ में जल भरकर विभिन्न मंदिरों पर पहुंचे जहां जलाभिषेक कर हर हर महादेव के गगनभेदी नारे लगाए केसरिया वस्त्र धारण किए शिव भक्तों का हुजूम संपूर्ण क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में महिलाएं भी केसरिया वस्त्र में मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। शिव की पूजन से जन्म धन्य होंई, सब कर लागी बेड़ा पार जैसे लोकगीत गीत से भगवान शिव के भक्ति गीत गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं, सोमवती अमावस्या होने के चलते महिलाओं द्वारा भोर से ही पीपल के पास पूजन अर्चन करने की भीड़ लगी रही और उन्हीं के चलते शिवालयों पर दूसरे सोमवार को काफी भीड रही। जनपद के प्रमुख शिव मंदिर कोपागंज स्थित बाबा गौरीशंकर शिव मंदिर, नौसेमर स्थित बारह दुअरिया मन्दिर, शिवपुर पांति, दोहरी घाट, चिरैयाकोट, भीटी, मधुबन में स्थित मन्दिरों में भारी भीड़ उमड़ी।

## पुलिस पर हमला करने वाले महिला व दो युवक गिरफ्तार

बलिया। बांसडीह कोतवाली पुलिस ने डायल 112 पीआरवी पुलिस कर्मियों पर इवेन्ट अटेन्ड के दौरान जानलेवा हमला करने वाले महिला और दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की राड भी बरामद किया है। कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि रविवार की दोपहर डायल 112 पर रूबी पाण्डेय पत्नी पिन्टू पाण्डेय ने सूचना दी कि उनके विपक्षी शैल कुमारी, प्रकाश पाण्डेय व प्रदीप पाण्डेय मारपीट कर रहे है। सूचना पर पीआरवी टीम में शामिल आरक्षी राणा प्रताप बादल व एचजी चालक भूपेन्द्र प्रजापति मौके पर पहुंचे। जहां शैल कुमारी पुलिस को फंसाने की धमकी देकर बिजली का तार पकड़ने लगी, जिसका वीडियो पुलिस टीम द्वारा बनाया जाने लगा तो शैल कुमारी के दोनों पुत्र प्रकाश व प्रदीप द्वारा लाठी व लोहे की राड लेकर जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर हमला बोल दिया गया। इससे डायल 112 के दोनों कर्मचारियों को काफी चोटें आई।

# अंडरपास निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं होने पर ग्रामीणों ने दिया धरना

**केटी न्यूज/मऊ**

रतनपुरा रेलवे स्टेशन के पूर्वी गेट नंबर 23 पर अंडर पास का कार्य शुरू न किए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में सोमवार को गेट के पास धरना दिया। साथ ही, मांगों से संबंधित मंडल रेल प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी के नाम संबोधित ज्ञापन रतनपुरा के सहायक स्टेशन मास्टर राजनारायण भारती को सौंपा। सोमवार को संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में मन्नु यादव पहलवान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पूर्वी रेल गेट के पास धरना दिया। धरना में विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि लगभग 3 दर्जनो ग्राम पंचायत मऊ जनपद एवं बलिया जनपद के सीमावर्ती क्षेत्रों के गांव के लोगों को रतनपुरा बाजार एवं अपने घर आवागमन करने में कडी मशक्कत का सामना करना पड़ता है।



जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। दूरी भी बढ जाती है, इसलिए जनहित को देखते हुए अंडरपास बनाने की प्रक्रिया अभिलम्ब प्रारंभ की जाए। लगभग 10:00 बजे से प्रारंभ हुआ धरना 3:00 बजे तक अनवरत जारी रहा, और 3:00 बजे जुलूस के रूप में संयुक्त संघर्ष समिति के नेताओं ने रतनपुरा रेलवे स्टेशन पर आकर सहायक स्टेशन मास्टर को अपने मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बलिया मऊ जनपद की रेलवे पुलिस एवं रतनपुरा के स्थानीय पुलिस बड़ी संख्या में उपस्थित रही।धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता भूखंन राजभर एवं संचालन मन्नू यादव ने किया। धरने में ओम प्रकाश यादव, रमेश चंद्र सिंह, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश सिंह, राम प्रसाद सिंह, भूषण प्रसाद, राम जी राघवेंद्र कुमार, भरत कुमार, सुगन यादव समेत बड़ी संख्या में विभिन्न ग्राम पंचायतों से आये लोग उपस्थित रहे।




## रसड़ा की अंजू पहुंची पाकिस्तान, सोशल मीडिया पर सीमा हैदर से जोड़कर अंजू को किया जा रहा ट्रोल

# खैबर पख्तूनख्वा में प्रेमी से मिलने जाने की उड़ी अफवाह

**केटी न्यूज/बलिया**

अभी सीमा हैदर का मामला शांत ही नहीं पड़ा था कि अब अंजू की इंट्री हो गई। दरअसल राजस्थान के भिवाड़ी शहर में रहने वाली अंजू पाकिस्तान गई तो लोगों ने उनका मामला सीमा हैदर से जोड़ दिया। अंजू के पाकिस्तान पहुंचने के बाद से ही खबर आने लगी कि वो अपने कथित प्रेमी से मिलने खैबर पख्तूनख्वा पहुंच गई हैं, लेकिन इस मामले की सच्चाई कुछ अलग निकल कर सामने आई।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अंजू की 2007 में शादी हो चुकी है। उसका ससुराल बलिया के रसड़ा थाना क्षेत्र के खरगपुरा में है। अंजू के पति का नाम अरविंद कुमार है। अंजू और अरविंद के दो बच्चे हैं। बेटी 14 साल की है और बेटा 6 साल का है। खरगपूरा के ग्राम प्रधान जिनका नाम भी संयोग से अरविन्दे कुमार है ने केशव टाइम्स को बताया कि अरविंद 10 साल पहले बलिया आए थे, लेकिन अब उनका पूरा



परिवार राजस्थान के भिवाड़ी रहता है। बताया जा रहा है कि अंजू मूल रूप से जालौन की रहने वाली हैं, लेकिन बलिया के अरविंद कुमार से शादी होने के बाद वो राजस्थान के भिवाड़ी शहर में रहने लगी। वो वैध दस्तावेजों के साथ विदेश मंत्रालय की अनुमति लेकर पाकिस्तान घूमने गई थी। इस दौरान पाकिस्तान पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया, लेकिन अंजू के पास वैध दस्तावेज होने चलते उसे छोड़ दिया गया।

**पाकिस्तानी मीडिया की बात से घर वाले नहीं रखते हैं इत्तेफाक :** पाकिस्तानी मीडिया का कहना है कि अंजू अपने प्रेमी नसरुल्लाह के घर पर है। वो नसरुल्लाह से बहुत प्यार करती है और उससे शादी करना चाहती हैं। वहीं अंजू के घरवालों ने उसके नसरुल्लाह के साथ प्रेम संबंध होने की बात से इन्कार किया है। अंजू के पति का कहना है कि वो कभी भी अकेले कहीं नहीं गई। केवल एक बार वह फरीदाबाद अपने रिश्तेदार से मिलने के लिए गई थी। अब वह पाकिस्तान चली गई, इस मामल में मैं क्या कह सकता हूं, लेकिन इसने कहा है कि वह 2-3 दिन में आ जाएगी। उधर एक मीडिया चैनेल को दिए इंटरव्यू में अंजू ने बताया कि मैं पाकिस्तान में हूं। पेशावर से आगे दीर अपर इलाका है। यह मनाली जैसा इलाका है, मैं यहां सुरक्षित हूं। यहां मेरा एक दोस्त हैं, मेरी उनके परिवार से अच्छी बातचीत है। हम 2 साल पहले दोस्त बने थे, यहां शादी थी और मैं घूमने आई। मैं वापस भारत लौटूंगी। सीमा हैदर से मेरी तुलना करना गलत है।

# शिवालयों में गूंजते रहे बोल बम के उद्घोष

**केटी न्यूज/बक्सर**



पवित्र सावन मास के तीसरे तथा अधिमास के पहले सोमवारी पर शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा था। अहले सुबह से ही जिले के सभी शिवालयों में शिवभक्त बोल बम व जय शिव के नारों के साथ जलाभिषेक कर रहे थे। आकर्षण का केन्द्र ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिव मंदिर बना रहा। जहां सुबह तीन बजे से ही जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लग गया था। सुबह के दस बजे तक इस मंदिर में भारी भीड़ जुटी रही। इस दौरान शिवभक्तों द्वारा लगाए जा रहे जयघोष से इलाका गूंजायमान रहा।

वही इसके अलावे बक्सर के रामरेखा घाट स्थित रामेश्वरनाथ शिव मंदिर, नाथ मंदिर तथा गौरीशंकर शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। वही डुमरांव के जंगलीनाथ शिव मंदिर, महरौरा शिव मंदिर, महाकाल मंदिर, लंगटु महादेव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। अहले सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचने लगे। शिवभक्तों ने गंगाजल, दूध, चंदन, बेलपत्र, पुष्प, भांग, धतूरा, शहद, फल और प्रसाद अर्पित कर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। दिनभर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जलाभिषेक करती रही। हाईवे से लेकर शिवालयों तक भोलेनाथ के जयघोष गूंजते रहे।

शिव भक्तों ने परिक्रमा कर शिवलिंग पर जलाभिषेक के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। जलाभिषेक के लिए शहर से लेकर गांव तक के शिव मंदिरों में भक्तों की कतार देखने को मिली। भक्तों ने भगवान शिव को दूध व जल से अभिषेक कर मंगलकामना की।

## हरी टोला गांव का मामला: विभागीय उदासीनता से नहीं हो पा रही मरम्मत

# केसठ में कई वर्षों से खराब है सोलर वॉटर पंप, पानी के लिए लोग परेशान

- शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए लाखों रुपए खर्च कर कराया गया था सोलर जलमीनार का निर्माण

**केटी न्यूज/केसठ**



प्रखंड के हरी टोला गांव में पीएचईडी विभाग के द्वारा शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए लाखों रुपए खर्च कर सोलर जलमीनार का निर्माण कराया गया था। लेकिन लगने के साथ ही कुछ साल के अंदर ही खराब हो गया है। पीएचईडी विभाग के द्वारा सोलर सिस्टम से संचालित जलमीनार से लोगों को पेयजलापूर्ति का लाभ ठीक तरह से नहीं मिल पा रहा है। यहां लगे मोटर पंप सोलर सिस्टम से संचालित होता था। सोलर सिस्टम के खराब हो जाने से सोलर जल मीनार बेकार पड़ा हुआ है। जलमीनार के चालू होने के बाद ग्रामीणों के घरों में पानी की आपूर्ति होती थी। जो वर्षों से ठप पड़ी हुई है। जिससे इस जलमीनार से जुड़े लोगों के समक्ष पेयजल की समस्या गंभीर हो गई है। जबकि संबंधित विभाग उदासीन बना हुआ है।

**जलमीनार के लंबे समय से बंद रहने से खराब हो रहे है उपकरण:** जल मीनार के लंबे समय से खराब रहने के कारण स्टार्टर एवं सोलर प्लेट समेत अन्य उपकरण भी खराब हो रहे है। जिससे भविष्य में इसके फिर से चालू होने पर संशय बना हुआ है। बंद पड़े जल मीनार के पाइप में स्थानीय लोग अपने पशुओं को बांध रहे है। वही पूरे गांव में बिछाए गए पाइप भी जगह जगह टूट गए है। लोगों का कहना है कि खराब पड़े सोलर जलमीनार के भवन और उसके पाइपों को धीरे धीरे अपने निजी कार्यों में उपयोग करने लगे है।


### क्या कहते हैं ग्रामीण

ग्रामीण पिंटू पासवान, धनोज पासवान, मनोज पासवान, रामाश्रय पासवान, हरे राम पासवान सहित अन्य ने बताया कि पीएचईडी विभाग द्वारा लगाया गया सोलर जलमीनार खराब रहने से पेयजल का संकट बना हुआ है। जलमीनार का किसी भी तरह का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों की मानें तो विभाग व जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगाई गई है। लेकिन अब तक यह जलमीनार दुरुस्त नहीं हो पाया है। लंबे समय तक खराब रहने के कारण सोलर जल मीनार से पार्ट्स भी खराब होते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने इस जलमीनार को दुरुस्त करा जलापूर्ति बहाल कराने की मांग की है। वही इस संबंध में जानकारी देते हुए पीएचईडी विभाग के कनिए अभियंता सुग्रीव कुमार ने बताया कि सोलर जल मीनार खराब होने की सूचना संज्ञान में है। जल्द ही इसका मरम्मत करवाया जाएगा।







### आधी रात के बाद से ही दर्शन- पूजन के लिए कतार में खड़े रहे शिवभक्त

# तीसरे सोमवार को महाहार धाम शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

सावन माह के तीसरे सोमवार को महाहरधाम शिव मंदिर के दरबार में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। महाहर धाम पुरपतिं भज भोलेनाथ का भाव लिए श्रद्धालु और कांवरिए मलमास, खास शिव योग, रवि और सिद्ध योग के संयोग में बाबा के स्वर्णिम दरबार में पूरे श्रद्धाभाव से पावन शिवलिंग व गर्भगृह के युगल का मूर्ति का दर्शन और जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक कर आह्लादित हुए। धाम परिसर में श्रद्धालुओं के हर-हर महादेव, शिव शंभों के गगनभेदी कालजयी उद्घोष से गुंजायमान है।

तीसरे सोमवारी पर परम्परानुसार देर शाम को ही मंदिर के गर्भगृह में बाबा के अर्धनारीश्वर रूप का श्रृंगार सुगंधित फूलों से किया गया है। अर्ध नारीश्वर रूप का श्रृंगार शाम के समय भोग आरती से पूर्व हुआ। शिवभक्त रविवार देर रात से ही बैरिकेडिंग में कतारबद्ध हुए। 12 बजे के बाद मंगला आरती के बाद मंदिर का पट खुला तो श्रद्धालु दरबार में दर्शन पूजन के लिए पहुंचते रहे ।सोमवार को पूरे दिन यही क्रम बना रहा। दरबार में पावन ज्योतिर्लिंग पर आस्था का अखंड जलधार अर्पित कर आह्लादित भाव से



श्रद्धालु बाबा के दर्शन के बाद महाहर धाम के भव्य और नव्य विस्तारित स्वरूप को देख मुक्त कंठ से इसकी प्रशंसा कर रहे हैं। धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चिकित्सक, एम्बुलेंस, फायर सर्विस पेयजल से लेकर खोया -पाया केंद्र बनाया गया है।

तीसरे सोमवार को जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की अटूट कतार लगी हुई है। रविवार शाम से ही श्रद्धालु दरबार में पहुंच गये



थे।श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए जिला प्रशासन ने जगह-जगह बैरिकेडिंग की है। ज्यादातर सनातनी परिवार में लोगों ने बाबा भोलेनाथ के प्रति श्रद्धाभाव से व्रत रखा हुआ था।क्षेत्र के शिवालयों और घरों में भी लोग रूद्राभिषेक कर घर परिवार, देश समाज में सुख शान्ति वैभव के लिए बाबा से प्रार्थना करते दिखाई दिए। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक बलवंत ने सर्वप्रथम सहपत्नी कपाट खुलते ही भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रों उच्चारण के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर नायब तहसीलदार जयप्रकाश सिंह, गुड्डू राजभर, प्रवीण पटवा, बृजेश सिंह, प्यारे गोड़, विरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रसिद्ध शिव मंदिरों में भक्तों ने किया जलाभिषेक

बहादुरगंज क्षेत्र में सावन माह के तीसरे सोमवार को क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिरों पर सोमवार को श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा क्षेत्र शिवमय रहा। मंदिरों पर शिव की जय -जयकार से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। श्रद्धालु शिव मंदिर खरवा कुटी, संगत कुटी शिव मंदिर, शिवालय घाट शिव मंदिर, झिलमिल दास शिव मंदिर, मां चंडी धाम शिव मंदिर, भईसही पुल शिव मंदिर, लमही स्थित शिव मंदिर पर महिलाएं-पुरुष व बच्चे सुबह से ही पूजा अर्चना व जलाभिषेक किए। अपने परिवार के सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दौरान पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। शांति और सुरक्षा के मद्देनजर चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ चक्रमण करते रहे।

## वकीलों ने तहसील कार्यालयों में की तालाबंदी

**केटी न्यूज/चंदौली**

जिला न्यायालय व मुख्यालय निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले चलाये जा रहे आन्दोलन के नौंवे दिन सोमवार को अधिवक्ताओं ने आंदोलन को गति दी। धरनास्थल पर एकत्रित होकर राष्ट्रगान में सम्मिलित हुए तदोपरांत अध्यक्ष चन्द्र भानु सिंह व जय प्रकाश सिंह व महामंत्री राजबहादुर सिंह व अनिल सिंह की अगुवाई में पूरे कैम्पस का चक्रमण किया गया। इसके बाद तहसील कार्यालयों का तालाबन्दी किया गया।

चक्रमण के बाद सारा हुजूम सभा में परिवर्तित होकर धरना स्थल पर एकत्रित हो गया। वक्ताओं ने जिला प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाए। कहा कि जनपद चन्दौली के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता की वजह से जनपद न्यायालय निर्माण व मुख्यालय का विकास नहीं हो सका। उन जनप्रतिनिधियों के जिम्मेदारियों को जनपद वासियों को तय करना पडेगा। वक्ताओं ने चेतावनी दिया कि



यदि अब न्यायालय भवन और जनपद के विकास के साथ उपेक्षा की जाती है तो कत्तई बर्दास्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान कचहरी पहुंचकर पूर्व सैनिक एसोसिएशन ने जिला न्यायालय व मुख्यालय निर्माण संघर्ष समिति को समर्थन दिया। आन्दोलन में पूर्व सैनिक समाज कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार हैं। कहा कि विधान सभा का घेराव भी करना पड़े तो पूर्व सैनिक तैयार हैं। इसके अलावा भारतीय किसान यूनियन पूर्वांचल द्वारा भी समर्थन दिया गया। सभा में पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर अशोक सिंह, कैप्टन एनके सिंह, सूबेदार फिरोज खान व भारतीय किसान यूनियन के संत विलाश सिंह, अनिल कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, जनमेजय सिंह, पंचानन पाण्डेय, चन्द्र मणि त्रिपाठी, सन्तोष सिंह, मोहम्मद शमसुद्दीन, सुल्तान अहमद, मोहन शर्मा, मोहम्मद अकरम, वीरेंदर प्रताप सिंह, संजय श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, हिटलर सिंह, दिनेश यादव, राजेश दीक्षित, अभिनव आनन्द सिंह, संदीप यादव, अनूप श्रीवास्तव, राकेश रौशन सिंह बागी व अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।




## गोद लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय बीकापुर का डीएम ने किया निरीक्षण



**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने अपने गोद लिए गए उच्च प्राथमिक विद्यालय बीकापुर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं को चाकलेट/मिष्ठान का वितरण किया गया। उसके उपरान्त बच्चो को पढ़ाकर उनकी गुणवत्ता को परखा एवं जानकारी भी ली। जिलाधिकारी ने मिड-डे मिल में बने भोजन को चखा भोजन गुणवत्तापूर्ण सही पाया गई। बीईओ को निर्देशित किया कि कक्षों में टाइलीकरण, स्मार्ट टीवी, बच्चों को शुद्व पेयजल के लिए आरओ मशीन लगाने को कहा। साथ ही स्कूल में साफ-सफाई का सख्त निर्देश दिया।

## बिना पंजीकरण चल रहे अवैध अस्पतालों की जांच कर कार्रवाई करें: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक रायफल क्लब सभागार में सोमवार को सम्पन्न हुई। जिसमें जननी सुरक्षा योजना कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओ को निःशुल्क भोजन, दवा एव ड्राप बैक की सुविधा, ओपीडी एवं अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रहे, ओपीडी का संचालन हो तथा नियमित रूप से सीएचओ एवं एनएम की उपस्थिति सुनिश्चित रहे।

डीएम ने सम्बन्धित चिकित्सा अधीक्षकों को हेल्थ वेनलेस सेन्टर की क्रियाशीलता बराबर चेक करते रहने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने जनपद में झोलाछाप चिकित्सकों एवं बिना पंजीकरण चल रहे अवैध अस्पतालों की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उन्होने जननी सुरक्षा योजनार्न्तगत गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को निःशुल्क भोजन तथा दवा एवं ड्राप बैक की सुविधा के साथ-साथ 48 घण्टे रोके जाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान विकास खण्ड मरदह, मिरजापुर एवं जमानियॉ में ओपीडी कम पाये जाने पर नोटिस जारी करने एवं डीसीपीएम अनिल कुमार वर्मा के द्वारा विभागीय कार्यो में लापरवाही बरतने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी देते हुए भविष्य के लिए सचेष्ट किया। बैठक में जिलाधिकारी ने ई-कवच, मंत्रा एप्प, जननी सुरक्षा योजना, जेएसवाई के भुगतान, मातृत्व मृत्यु दर की समीक्षा, परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकाकरण, आशा/जे एस वाई भुगतान, क्षय रोग नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, आयुष्मान कार्ड, जन्म-मृत्यु पंजीयन,एवं अन्य बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

## तीसरी मंजिल से गिरने से मजदूर की मौत

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर पांच जीटी रोड किनारे निमार्णाधीन अस्पताल के तीसरे मंजिल से गिरने से रविवार की देर रात मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। अलीनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर पांच में जीटी रोड किनारे वर्षों से जमानिया निवासी डा. आरिफ के अस्पताल का निर्माण चल रहा है। जिसमें मजदूर व ठेकेदार रहकर काम कर रहे हैं। रविवार की देर रात मजदूर पन्ना लाल शर्मा 28 वर्ष की तीसरे मंजिल पर चढ़ने के दौरान गिरने से मौत हो गई। जिसकी सूचना 112 नंबर पुलिस को होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। हालांकि मजदूर कहां का निवासी है इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। जिससे परिजनों को सूचना नहीं दी जा सकी है।

## तकनीक द्वारा आयस्टर मशरूम उत्पादन करने से किसानों की आय होगी दुगुनी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पीजी कालेज गाजीपुर में पूर्व शोध प्रस्तुत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसे महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हाल में सम्पन्न की गई। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त संगोष्ठी मे पादप रोग विज्ञान विभाग के शोधार्थी दीपक कन्नौजिया ने अपने शोध प्रबंध विंध्याचल भूभाग के वनोत्पाद एवं पोषण मूल्यों के साथ -साथ पादप परजीवी सूत्रकर्मियों को प्रतिबंधित करने की योग्यता के लिए प्लूरोटस प्रजातियों का अध्ययन नामक विषय पर अपना शोध प्रबंध प्रस्तुत किया।दीपक कन्नौजिया ने बताया कि मशरूम उत्पादन के लिए फसलों के अवशेष जैसे गेंहू का



भूसा, धान का पुआल,मक्का के तने, गन्ने की खोई आदि का प्रयोग किया है, किसान इसे बेकार समझकर अपने खेत मे जला देते है या फेंक देते है मशरूम उत्पादन की आयस्टर विधि में फसलों के अवशेष जैसे गेंहू का भूसा, धान का पुआल,मक्का के तने, गन्ने की खोई को प्रयोग में लाकर मशरूम उत्पादन किया जाता है ,यदि किसान मशरूम उत्पादन की इस विधि को अपनाते है तो अपनी आय दो गुना कर सकते है, सरकार भी किसानों की दो गुनी आय के लिए प्रयासरत है। किसानों व युवाओं को रोजगार एवम आय में वृद्धि होगी। दीपक ने बताया प्रथम उपज 25 से 27 दिनों के भीतर ही मिलनी शुरू हो जाती है। ओयस्टर की विभिन्न प्रजातियों में से प्लूरोटस ऑस्ट्रियाटस सबसे अच्छी उत्पादन करने वाली प्रजाति है। एक बैग से लगभग 394.66 ग्राम मशरूम का उत्पादन/प्रथम उपज का प्राप्त हुआ मशरूम की स्पानिंग (२स्त्रंद्दल्ल्रल्लॅ) करने के 14 दिन माइसेलियम रन करने लगती है।

### जनपद के सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# बच्चों में अनुशासन के लिए स्काउट गाइड का प्रशिक्षण जरूरी

**केटी न्यूज/चंदौली**

उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जनपद के तत्वावधान में सोमवार को प्रधानाचार्यों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज सभागार में हुआ। इसका शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक जयप्रकाश, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त अरविंद श्रीवास्तव, प्रादेशिक संगठन आयुक्त हीरालाल यादव ने सर्वप्रथम सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।ततपश्चात स्काउट गाइड प्रार्थना से शुभारम्भ हुआ और अतिथियों को स्कार्फ, कैप, अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह से स्वागत किया।

इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक जयप्रकाश ने कहा कि



सरकार द्वारा स्काउट गाइड गतिविधियों को संचालित करने के लिये यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रधानाचार्य अपने अपने विद्यालय में दल कम्पनी का पंजीकरण करा लीजिए। जिन कालेज स्कूलों का पंजीकरण हुआ है वो अपना नवीनीकरण करा लें। अपने विद्यार्थियों का ऑनलाइन स्काउट गाइड में पंजीकरण भी कर लें, जिससे विद्यालय में अनुशासन, अच्छे नागरिक बनने के लिये प्रशिक्षण दिया जा सके। अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में सर्वप्रथम चंदौली में प्रारम्भ हुआ है। कहा की स्काउट गाइड की गतिविधियां समाज मे काफी उपयोगी है। सामाजिक कार्यों में आप का सहयोग बहुत ही महत्वपूर्ण है। हीरालाल यादव ने कहा कि आप लोग मिलकर स्काउट की गतिविधियों को संचालित कीजिये किसी भी प्रकार का कोई अवरोध नहीं आएगा। प्रदेश आप का सहयोग करेगा। इस दौरान डॉ एसके लाल, डा.रामचन्द्र शुक्ल, सत्य मूर्ति ओझा, रजनीश, सैयद अली ने संबोधित कर जनपद की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर संजय सिंह, पूनम सिंह, आभा यादव, विपिन सिंह, पीके सिंह, हरिहर विश्वकर्मा अंजू, उषा, जेपी रावत, भानु सिंह, कैलाश प्रसाद, महेंद्र, रेखा, अनिल कुमार, त्रिभुवन सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन वीरेंद्र सिंह ने किया।

